# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 9/4/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत Improvement of Approach Road to Buxar Engineering college for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–09.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–907 दिनांक–09.03.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1011(अनु०) दिनांक–23.03.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक– 20.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Improvement of Approach Road to Buxar Engineering college for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बक्सर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹468.65 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8195(S) दिनांक–25.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹416.84 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3565(अनु०) दिनांक–27.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹392.67838 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 03 (Three) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 16.01.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा को बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के तहत् रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया है। (अभियंता प्रमुख का पत्रांक–8612(E) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित)

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 04 (चार) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Kawaljeet Singh Contractor (2) Amit Kumar Singh

(3) M/s Mamerej Construction Pvt. Ltd. (4) Rajeev Kumar

4. दिनांक–09.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त एक निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor को ITB Cl. 4.7 एवं NIT क्रमांक–38 तथा NIT क्रमांक–29 के तहत, दो निविदाकार यथा (1) Amit Kumar Singh एवं (2) M/s Mamerej Construction Pvt. Ltd को ITB Cl. 4.7 एवं NIT क्रमांक–38 के तहत एवं एक निविदाकार Rajeev Kumar को ITB Cl. 4.5(A)(c) के तहत तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय पत्रांक–907 दिनांक–09.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–09.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Kawaljeet Singh Contractor के पत्रांक–शून्य दिनांक–10.03.2026 एवं Mamerej Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–11.03.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1011(अनु०) दिनांक–23.03.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गयी है।

**परिवाद :–** तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor के पत्रांक–शून्य दिनांक– 10.03.2026 को ई–मेल के द्वारा एवं अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा के पत्रांक–451 (अनु०) दिनांक–11.03.2026 के द्वारा परिवाद समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| **क्र०सं०** | **प्राप्त परिवाद** | **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा** | **परिवाद समिति की अनुशंसा** |
|---|---|---|---|
| 1. | **Kawaljeet Singh Contractor**<br>सविनय निवेदन है कि आपकी तकनीकी मूल्यांकन प्रतिवेदन के अनुसार हमारी फर्म Kawaljeet Singh Contractor को "Non-Responsive" घोषित किया गया है। प्रतिवेदन में निम्नलिखित कारण दर्शाए गए | <u>**बिन्दु–1 की समीक्षा**</u><br>NIT के क्रमांक–38 पर उल्लेखित है कि –"As per SBD Cl. 4.7- The Statements showing the value of existing commitments and on-going works as well as the stipulated period of completion remaining for | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | है:–<br>1. विद्‌यमान प्रतिबद्धताओं (Existing Commitments & Ongoing Works) से संबंधित अपलोड किया गया प्रमाण पत्र SBD के ITB क्लॉज 4.7 एवं NIT क्लॉज 38 के अनुसार कार्यपालक अभियंता / Engineer-in Charge स्तर के पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित (Countersigned) नहीं था।<br>2. Utility Shifting से संबंधित विद्युत कार्य हेतु प्रस्तुत Affidavit के साथ Electrical Contractor के License की प्रति संलग्न नहीं पाई गई।<br>इस संबंध में निवेदन है कि निविदा प्रस्तुत करते समय सभी आवश्यक विवरण पूर्ण सदभावना एवं सत्यता के साथ अपलोड किए गए थे। Utility Shifting से संबंधित विद्युत कार्य हेतु सक्षम Electrical Contractor से समर्थन का विधिवत शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत किया गया था। तथापि, उक्त शपथ–पत्र के साथ License की प्रति संलग्न न होना तथा Existing Commitment Certificate का Countersignature न होना मात्र दस्तावेजी / प्रक्रियात्मक त्रुटियाँ (Minor Documentary/Procedural Deficiencies) हैं, जिनका हमारी फर्म की वास्तविक तकनीकी पात्रता, वित्तीय क्षमता अथवा संसाधन उपलब्धता से कोई प्रतिकूल संबंध नहीं है।<br>हमारी फर्म निविदा की समस्त अनिवार्य शर्तों, तकनीकी योग्यता, वित्तीय क्षमता एवं संसाधन उपलब्धता की कसौटी पर पूर्णतः पात्र है। उक्त त्रुटियों को अब सुधारते हुए हम निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न कर रहे हैं– | each of the works listed should be countersigned by the Engineer in Charge, not below the rank of an Executive Engineer or equivalent."<br>संवेदक के द्वारा Existing commitments से संबंधित अपलोडेड प्रमाण पत्र उपरोक्त शर्त्तो को पूरा नहीं करते है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है।<br><br>**<u>बिन्दु–2 की समीक्षा</u>**<br>NIT के क्रमांक–29 पर उल्लेखित है कि–"As per RCD Lt. No. 5446 (E)we, Dt. 25.09.2017, bidder should have valid license of energy issued by competent authority or have prior agreement with a contractor having valid license of energy issued by competent authority."<br>संवेदक के द्वारा उक्त से संबंधित अपलोडेड प्रमाण पत्र के साथ Competent authority द्वारा जारी Valid license की प्रति संलग्न नहीं करने के कारण उपरोक्त शर्त्तो को पूरा नहीं करते है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1. कार्यपालक अभियंता / Engineer-in-Charge द्वारा विधिवत प्रति–हस्ताक्षरित Existing Commitment & Ongoing Works Certificate<br>2. Utility Shifting हेतु Electrical Contractor के License की प्रति ।<br>माननीय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों में यह सिद्धांत स्थापित किया गया है कि निविदा प्रक्रिया में लघु प्रक्रियात्मक या दस्तावेजी त्रुटियाँ (Minor or Curable Defects) यदि निविदाकार की वास्तविक पात्रता को प्रभावित नहीं करती है, तो ऐसी त्रुटियों के सुधार का अवसर प्रदान करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत (Principle of Natural Justice) तथा निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के अनुरूप माना जाता है।<br>यह भी उल्लेखनीय है कि तकनीकी मूल्यांकन प्रतिवेदन के अनुसार उक्त निविदा में भाग लेने वाली सभी चार (04) एजेंसियों को विभिन्न कारणों से तकनीकी रूप से अपात्र घोषित किया गया है। ऐसी स्थिति में निविदा को निरस्त (Cancel) करने की संभावना उत्पन्न हो जाती है, जिससे विभाग को पुनः निविदा आमंत्रित करनी पड़ सकती है और परियोजना में अनावश्यक विलम्ब हो सकता है।<br>यदि उपर्युक्त लघु दस्तावेजी त्रुटियों को सुधारने का अवसर प्रदान करते हुए हमारी तकनीकी बोली पर पुनर्विचार किया जाता है, तो इससे निविदा प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिस्पर्धा (Genuine Competition) सुनिश्चित हो सकेगी तथा विभाग को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं लाभकारी दर प्राप्त होने की | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | संभावना भी बढ़ेगी।<br>अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि संलग्न संशोधित/सत्यापित दस्तावेजों के आलोक में हमारी तकनीकी बोली पर पुनर्विचार करने की कृपा की जाए तथा हमारी फर्म Kawaljeet Singh Contractor को तकनीकी रूप से पात्र घोषित करते हुए हमारी वित्तीय बोली खोलने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।<br>हम विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हैं तथा आवश्यक होने पर किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु सदैव तत्पर है।<br>कृपया सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की कृपा करें। | | |
| 2. | **Mamerej Construction Private Ltd.**<br>हमारी फर्म ममरेज कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड ने वर्ष 2025–26 के लिए पथ प्रमंडल बक्सर के अन्तर्गत Improvement of Approach Road to Buxer Engineering College for the year 2025-25 के निर्माण हेतु टेंडर में आवेदन किया है।<br>टेंडर शर्तो और–SBD अनुभाग–2, अनुच्छेद–1.4 के अनुसार मौजूदा प्रतिबद्धताओं और चल रही कार्यो के संबंध मे मैं यह सूचित करता हूँ कि मौजूदा प्रतिबद्धताओं और चल रही कार्यो की जानकारी टेंडर दस्तावेजों में सही रूप से प्रस्तुत कि गई है।<br>विभागीय पत्र/सूचना सं0–6158(we)/ 09. 07.2014 के प्रावधानों के अनुसार, बोलीदाता द्वारा स्वयं–सत्यापित जानकारी अपलोड करने के बाद इसे मान्य माना जाएगा, और इस चरण पर संबंधित अधिकारियों से | NIT के क्रमांक–38 पर उल्लेखित है कि –"As per SBD Cl. ITB 4.7- The Statements showing the value of existing commitments and on-going works as well as the stipulated period of completion remaining for each of the works listed should be countersigned by the Engineer in Charge, not below the rank of an Executive Engineer or equivalent."<br>संवेदक के द्वारा Exisisting commitments से संबंधित अपलोडेड प्रमाण पत्र उपरोक्त शर्त्तो को पूरा नहीं करते है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रमाण पत्र जमा कराने कि आवश्यकता नहीं है। अतः मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि मेरी स्वयं सत्यापित घोषणा को टेंडर के मूल्यांकन हेतु रिकार्ड में लिया जाए। मैं सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। यदि किसी भी चरण पर कोई विसंगति पाई जाती है, तो मैं इसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहूँगा। कृपया इसे स्वीकार करें। | | |

6. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

उपरोक्त वर्णित परिवाद की समीक्षोपरांत पाया गया कि परिवादी एक निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor ITB Cl. 4.7 एवं NIT के क्रमांक–38 तथा 29 के शर्त्तो को पूरा नहीं करते है तथा दूसरे निविदाकार Mamerej Construction Private Ltd. ITB Cl. 4.7 एवं NIT के क्रमांक–38 से संबंधित शर्त्तो को पूरा नहीं करते है। अतः निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor एवं Mamerej Construction Private Ltd. के परिवाद को अमान्य करते हुए दिनांक–09.03.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय यथा एक निविदाकार Kawaljeet Singh Contractor को ITB Cl. 4.7 एवं NIT क्रमांक–38 तथा NIT क्रमांक–29 के तहत, दो निविदाकार यथा (1) Amit Kumar Singh एवं (2) M/s Mamerej Construction Pvt. Ltd को ITB Cl. 4.7 एवं NIT क्रमांक–38 के तहत एवं एक निविदाकार Rajeev Kumar को ITB Cl. 4.5(A)(c) के तहत अर्थात् चारो निविदाकारों को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने के निर्णय को यथावत रखने की अनुशंसा की जाती है।

7. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Kawaljeet Singh Contractor के पत्रांक–शून्य दिनांक–10.03.2026 एवं Mamerej Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–11.03.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य किया जाता है।

(ii) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले चार निविदाकार यथा (1) Kawaljeet Singh Contractor को ITB Cl. 4.7, NIT क्रमांक–38 (निविदा में Engineer-in-Charge से Certified Existing Commitments & On-going works से संबंधित प्रमाण–पत्र Upload नहीं किये जाने के कारण) तथा NIT क्रमांक–29 (As per RCD Letter No.-5446(E)We दिनांक–25.09.2017) के तहत (2) Amit Kumar Singh एवं (3) M/s Mamerej Construction Pvt. Ltd को ITB Cl. 4.7, NIT क्रमांक–38 (निविदा में Engineer-in-Charge से Certified Existing Commitments & On-going works से संबंधित प्रमाण–पत्र Upload नहीं किये जाने के कारण) के तहत तथा (4) Rajeev Kumar को ITB Cl. 4.5(A)(c) (Experience of work done quantity) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iii) उपभागीय पत्रांक–907 दिनांक–09.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–09.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iv) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (अनिल कुमार सिंह)<br>अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–193/2025 2397(E) पटना, दिनांक 10/4/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।